* A O - 2 1 0 9 4 *

# AO-21094

Seat No. ________

## Second Year B. A. (Non CBCS) Examination

**March / April – 2016**

## Hindi : Paper - III

***(Kavyakalash) (Optional-II)***

***(काव्यकलश)***

Time : **3** Hours] [Total Marks : **100**

सूचना :

(१) इस प्रश्नपत्र की निर्धारित पाठ्यपुस्तक 'काव्यकलश' संपादक डॉ विकल गौतम है ।

(२) इस प्रश्नपत्र में कुल मिलाकर **पाँच** प्रश्न है ।

(३) प्रत्येक प्रश्न के सामने गुण निर्देशित किये गये है ।

१ पठित रचनाओं के आधार पर अज्ञेयश्री की काव्यकला का परिचय दीजिए । १६

**अथवा**

'मोचीराम' एक चरित्रप्रधान काव्य है – इस कथन को समझाइए । १६

२ "बच्चन मूलतः प्रेम और सौंदर्य के कवि है ।" – सोदाहरण स्पष्ट कीजिए । १४

**अथवा**

२ किन्हीं **दो** पर टिप्पणी लिखिए : १४

(१) 'मंगल वर्षा' काव्य में व्यक्त प्रेम भावना ।

(२) 'लोहे का स्वाद' काव्य में निरूपित व्यंग्य ।

(३) 'अकाल दर्शन' काव्य में समाज दर्शन ।

(४) 'वाणी की दीनता' में व्यंग्य ।

३ ससंदर्भ व्याख्या कीजिए : (किन्हीं **तीन**) ३०

(१) "यह दीप अकेला स्नेह भर ।
हे गर्व भरा मदमाता पर,
इसको भी ? पंक्ति को दे दो ।"

(२) "विश्व करेगा मेरा आदर,
हाथ बढ़ाकर शीश नवाकर,
पर न खुलेगे नेत्र प्रतीक्षा में तो रहते थे मतवाले !
बीते दिन कब आनेवाले ।

(३) "लोहे का स्वाद,
लोहार से मत पूछो
उस घोडे से पूछो
जिसके मुँह में लगाम है ।"

(४) ''जी आय न हो सुनकर ज्यादा हैरान,
मैं सोच समझकर आखिर अपने गीत बेचता हूँ
जी हाँ हुजुर मैं गीत बेचता हूँ ।

(५) ''कितने इसके तारे टूटे
कितने इसके प्यारे छूटे
जो छूट गए फिर कहाँ मिले
पर बोलो टूटे तारो पर कब अम्बर शोक मनाता है ।''

४ किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर **चार–पाँच** वाक्य में दीजिए : २०

(१) नदी के द्वीप क्या चाहते है ?
(२) 'गीत फरोश' काव्य का आरंभ कैसे होता है ?
(३) कवि मिश्रजी अपने गीत क्यों बेचते है ?
(४) अज्ञेयजी कैसे सन्नाटा बुनते है ?
(५) 'पहला दौंगरा' काव्य में कविने अपने हृदय का भाव किसके प्रति व्यक्त किया है ? क्यों ?
(६) रोजी–रोटी के विषय में मोचीराम का क्या तर्क है ?
(७) कवि बच्चन के अनुसार सच्चा पीनेवाला कैसा होता है ?
(८) 'तू क्यों बैठ गया है पथ पर' कविता में कवि क्या संदेश देते है ?

५ (अ) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर **एक–एक** वाक्य में दीजिए : १०

(१) 'यह दीप' काव्य के कवि का नाम बताइए ।
(२) बच्चनजी के प्रथम काव्य संग्रह का नाम क्या है ?
(३) मधुवन किस पर शोर नहीं मचाता ?
(४) भवानीप्रसाद मिश्र के पिता का नाम क्या था ?
(५) धूमिल का असली नाम क्या है ?
(६) कवि अपनी तुलना किससे करते है ?
(७) 'तुम गा दो' किस की कविता है ?
(८) मोचीराम के लिए हर आदमी क्या है ?
(९) गीत–फरोश काव्य के कवि कौन है ?
(१०) अम्बर किस पर शोक नहीं मनाता ।

(ब) कोष्टक में दिये गये विकल्पों में से सही विकल्प चुनकर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए : १०

(१) 'मधुशाला' काव्य के कवि ________ है । (अज्ञेय, बच्चन)

(२) अज्ञेयजी का व्यक्तित्व ________ था । (सीमित, बहुआयामी)

(३) बच्चनजी ________ कवि है । (हालावादी, छायावादी)

(४) 'मोचीराम' एक ________ प्रधानकाव्य है । (चरित्र, घटना)

(५) कवि ________ का स्वागत करते है । (सूर्य, चन्द्र)

(६) तु क्यों बैठ गया है ________ पर ? (पथ, कुरसी)

(७) धूमिल का असली नाम ________ था । (धर्मवीर, सुदामा पाण्डेय)

(८) अकाल को ________ की तरह गा रहे है । (मोहरम, सोहर)

(९) इस हिमालय से कोई ________ निकलनी चाहिए । (गंगा, जमुना)

(१०) नदी के द्वीप काव्य के कवि ________ है । (धूमिल, अज्ञेय)